## जोएब आसिफ अंजड़ को किया सम्मानित



**बड़वानी।** थैलेसीमिया जनजागरण समिति मप्र एवं थैलेसीमिया व सिकल सेल वेलफेयर सोसायटी नीमच मप्र ने थैलेसीमिया व सिकिलसेल जैसी बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। पहले दिन थैलेसीमिया की बीमारी को कैसे रोका जाए और जो पीड़ित हैं, वह स्वयं और उनके परिजन कैसे देख-रेख करें, इस संबंध में जानकारियां देश के कई प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी। दूसरे दिन विभिन्न राज्यों व जिलों की सामाजिक संस्थाओं को थैलेसीमिया, सिकिलसेल और रक्तदान के क्षेत्र में बेहतर सामाजिक सेवा करने वाले अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान विशेषज्ञों ने सम्बोधित कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी। रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन सामाजिक सहयोग देने के लिए समाजसेवी मध्यप्रदेश की संस्था जन सेवा रक्तदान समिति के संचालक जोएब आसिफ अंजड़ को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। वहीं दूसरी ओर जन सेवा रक्तदान समिति द्वारा आयोजक टीम को प्रशस्ति-पत्र दिया गया। जोएब ऑफ ने समस्त व्याख्यानकर्ता, डॉ व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन



**बड़वानी।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा कई गतिवधियों का आयोजन कर शहरवासियों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं 19 सितम्बर को अभियान अंतर्गत शहर के जागर्स पार्क में दीवार पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें हरसुख दिगंबर जैन एवं वैष्णवी एमिनेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं हिस्सा लिया विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता एवं विकसित भारत पर आधारित पेंटिंग बनाई गई। उक्त प्रतियोगिता में 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही पेंटिंग के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता के लिए प्रति जागरूक किया।

## 24 को आयोजित होगा नि :शुल्क नेत्र शिविर

**बड़वानी।** जिला अस्पताल और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर द्वारा 24 सितम्बर को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ विमलेश चोयल ने बताया कि डॉ सुरेखा जमरे और डॉ अनिता सिंगारे के मार्गदर्शन में शिविर लगेगा। डीडीपीएम अनिल राठौड़ और दीपक सोनी ने कहा कि शिविर में चयनित मोतियाबिंद के मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए बस से इंदौर भेजा जाएगा। मरीज के साथ एक परिजन होने पर ही ऑपरेशन किए जाएंगे। कमलेश शर्मा ने बताया कि मरीजों और उनके परिजनों को लायंस क्लब बड़वानी सिटी द्वारा नि:शुल्क भोजन भी कराया जाएगा।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

### बारिश के कारण देरी से हुए मैच, एमएलए ने खिलाड़ियों से परिचय कर दी बधाई





**पानसेमल,।** अटल बिहारी वाजपेयी शामहा में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर गुरुवार जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता हुई। सरस्वती पुजन के बाद विधायक श्याम बर्डे ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर उन्हें बधाई दी एवं रिमझिम बारिश के बीच संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का आधार है और खेल से ही हमारे जीवन को तनाव मुक्त बना सकते हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिता हमारे जीवन में निखार लेकर आती है, जीत हमें मजबूती प्रदान करती है और हार गलतियों को पहचानने का अवसर देती है। प्राचार्य संगीता भंडारी ने छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सुनील बागले ने खेल के महत्व एवं प्रतियोगिता की जानकारी दी। खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि क्रांति सूर्य विवि खरगोन व देवी अहिल्या विवि की 8 टीमों ने भाग लिया। पहला मैच शासकीय महाविद्यालय निवाली पीजी बड़वानी के बीच रहा। जिसमें बड़वानी की टीम विजेता रही। दूसरा मैच आदर्श महाविद्यालय बड़वानी सेंधवा मॉडल के बीच रहा, जिसमें सेंधवा विजेता रही, तीसरा मैच शासकीय महाविद्यालय पानसेमल और बड़वानी के बीच रहा। चौथा मैच पानसेमल और बड़वानी के बीच रहा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 12 खिलाड़ियों को संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला।

क्रांति सूर्य विश्विद्यालय का फाइनल बड़वानी कॉलेज ने जीता, देवी अहिल्या विवि का फायनल की विजेता पानसेमल रही। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष सचिन चौहान, पूर्व मंडी अध्यक्ष मनोहर पटेल चंद्रकांत महाजन, कन्हैयालाल जैन, राम सोनाने, ईस्माइल खान, प्रकाश जोशी, मुकेश सत्या, डॉ मंजुला चौहान, डॉ राजेश दिवाकर, डॉ आकाश गाडगे, डॉ अविनाश वर्मा, हरीश वर्मा, डॉ रामाधार पिपलादिया, लेब टेक्नीशियन अरुण जाधव, आयुष डुडवे, विद्यार्थियों सहित स्टॉफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ निशा वास्कले ने किया। मैच रैफरी राजेंद्र बघेल, पंडितराज मोरे रहे। विभिन्न महाविद्यालयों से टीम के कोच मौजूद रहे।

### विधायक ने दी बधाई

- परिचय लेकर विधायक ने खिलाड़ियों को बधाई दी।
- कार्यक्रम संयोजक ने दी प्रतियोगिता की जानकारी।

## कांग्रेस को सशक्त बनाने जिलाध्यक्ष ने की बैठक

**पानसेमल,** ।निवाली रोड़ पर निजी प्रतिष्ठान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नानेश चौधरी ने ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाध्यक्ष बनने के बाद उनके आगमन पर ब्लॉक कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पुष्पहार से स्वागत किया। नानेश चौधरी ने संबोधित किया एवं संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के मंशा अनुरूप संगठन को सशक्त और मजबूत करना है। मंडलम और बीएलए की नियुक्ति भी करना है। ऐसे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देना है जो कर्मठ और अपना अमूल्य समय कांग्रेस पार्टी को दे। उनके साथ कार्यक्रम में पहुंचे ।जिला मंत्री नासिर खान ने भी अपने विचार रखे। संचालन युवा नेता विवेक चौधरी ने किया। इस दौरान पीसीसी सदस्य अजय मिश्रा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलीपराव शितोले, प्रकाश राजपूत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष गोयल, ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष अनूप पवार, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोंटा खेड़कर, नगर अध्यक्ष सुभाषराव शितोले व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सेवा पखवाड़े में जैविक खेती

**निवाली,।** नगर के पद्मश्री स्वर्गीय कांता बहन त्यागी शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉ किरण तावड़े ने जैविक खेती के फायदे बताए। उन्होंने कहा कि वैश्विक कृषि प्रणाली गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है जो खाद्य सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और जैव विविधता के लिए खतरा है। सिंथेटिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर अत्यधिक निर्भर पारंपरिक कृषि पद्धतियों के कारण मृदा स्वास्थ्य में गिरावट, जैव विविधता का ह्रास और ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में वृद्धि हुई है। ये समस्याएं विशेष रूप से गंभीर हैं, जहां कई छोटे किसान घटती मृदा उर्वरता, कम फसल उपज और टिकाऊ कृषि तकनीकों तक सीमित पहुंच से जूझ रहे हैं। इस दौरान डॉ अनारसिंह किराड़े ने भी सम्बोधित किया। अंत में डॉ रामाधर पिपलादिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ राकेश जाधव, प्रो किशन पवार व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



एक नजर में

### सर्व आदिवासी समाजजनों ने जताया विरोध, ज्ञापन सौंप कड़ी कार्रवाई की मांग

## वीर आदिवासी ब्रिगेड पदाधिकारी की हत्या का विरोध





**नवभारत न्यूज़**
**पानसेमल 20 सितम्बर**

पुलिस थाने पर सर्व आदिवासी समाजजनों ने नंदुरबार के युवा जय वड़वी की हत्या के आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग के लिए थाना प्रभारी मंशाराम वगेन को ज्ञापन सौंपा है।

उपस्थितजनों ने बताया कि ईयह की नंदुरबार में बीते दिनों आपसी बहस के बाद आरोपी द्वारा आदिवासी समाज के युवा कार्यकर्ता एवं वीर आदिवासी बिग्रेड के अध्यक्ष जय वडवी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। जिससे क्षेत्र के आदिवासी समाज में आक्रोश बना हुआ है।

सर्व आदिवासी समाज की मांग है कि आरोपी के विरुद्ध फास्टेक कोर्ट में प्रकरण चलाकर 10 दिनों में फांसी की सजा हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान नितिन ठाकरे, मयूर परमार, महेश चौहान, शिवा मोरे, अंकित, दशरथ ठाकरे, योगेश, आकाश ठाकरे, राज सोलंकी, मनोज ठाकरे, प्रवीण वलवी, अनिल ठाकरे, वीर आदिवासी ब्रिगेड, जयस संगठन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं सहित सर्व आदिवासी समाज के युवा मौजूद रहे।

### कड़ी कार्रवाई की मांग

हत्या के आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग के लिए थाना प्रभारी मंशाराम वगेन को ज्ञापन सौंपा है।



## पूर्व कर्मचारी ने कंपनी खाते से की 30 लाख की ठगी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े साइबर अपराध का खुलासा करते हुए कंपनी के पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने पे जॉस पेमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खाते से 30 लाख से ज्यादा की रकम निकाल ली थी. कंपनी के निदेशक कुलदीप सिंह कालरा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था.**

जांच में सामने आया कि 29 मार्च को कंपनी के कर्मचारी कोमलचंद कुशवाह की आईडी को हैक कर एडमिन खाते तक पहुंच बनाई गई. इसके बाद आरोपी ने करोड़ों रुपये का लेनदेन करने वाली कंपनी से 30 लाख रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए और क्रेडिट कार्ड के बिल चुकाए. इसी तरह की धोखाधड़ी जून महीने में भी दोहराई गई. तकनीकी जांच के बाद पुलिस ने आरोपी की पहचान निशांत सोनी निवासी सतना, हाल निवासी सिलिकॉन सिटी, इंदौर के रूप में की. निशांत पहले कंपनी में काम कर चुका था और उसने सिस्टम की जानकारी का दुरुपयोग कर ठगी की. क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस और अन्य साइबर अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया का कहना है कि जिन बैंक खातों में रकम भेजी गई, उनकी जांच जारी है और अन्य संलिप्त लोगों का भी पता लगाया जा रहा है.

## नेपाल बॉर्डर से चरस तस्कर को किया गिरफ्तार

- क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई
- कुख्यात सकिर चाचा को करता था माल सप्लाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** अवैध नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच ने एक अंतर्राज्यीय चरस तस्कर को बिहार-नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार किया है. पकड़ा गया आरोपी 26 वर्षीय रामु प्रसाद यादव विष्णुपुरवा, मोतिहारी बिहार का रहने वाला है. पुलिस ने खुलासा किया है कि वह नेपाल से सस्ती कीमत पर चरस लाकर इंदौर के सकिर हुसैन को सप्लाई करता था.

एडीसीपी क्राईम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि 12 सितंबर को क्राइम ब्रांच ने पोलोग्राउंड पुल के पास एमआर-4 रोड से 60 वर्षीय सकिर हुसैन को पकड़ा था. उसके कब्जे से 2.241 किलो चरस बरामद की गई थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 30 से 50 लाख रुपए प्रति किलो आंकी जाती है. पूछताछ में सकिर ने बताया कि यह माल मोतिहारी के रामु प्रसाद से लाया था. सकिर चाचा की निशानदेही पर टीम ने बिहार जाकर रामु प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया. प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह नेपाल से चरस लाकर इंदौर समेत अन्य शहरों में सप्लाई करता था. आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस अब उससे जुड़े अन्य तस्करों और नेटवर्क की तलाश में जुटी है.



### नशे की गोलियां बेचते पकड़ाई महिला

इंदौर . द्वारकापुरी पुलिस ने बुधवार शाम एक महिला को नशे की गोलियां बेचते हुए धर दबोचा . आरोपी महिला की पहचान मनदीप उर्फ दीप कौर, पत्नी रायसिंह, निवासी आकाश नगर गुरुद्वारे के पास के रूप में हुई है . उसे द्वारकापुरी कचरा प्लांट के पास से पकड़ा . थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि पुलिस की घेराबंदी के दौरान महिला भागने की कोशिश कर रही थी, लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे पकड़ लिया . तलाशी में उसकी थैली से 17 से अधिक पत्तों में 350 से ज्यादा अल्प्राजोलम और प्रोक्जिमा प्लस कैप्सूल बरामद हुए . यह दवाएं नशे के लिए उपयोग होती हैं और सरकार ने इन पर सख्त प्रतिबंध लगाया है . आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया कि वह युवकों की डिमांड पर गोलियां बेचती थी . पुलिस अब यह पता लगा रही है कि उसे यह प्रतिबंधित दवाएं कौन उपलब्ध कराता था और उसके आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है . पुलिस का कहना है कि आरोपी के सम्पर्क और सप्लाई नेटवर्क का खुलासा करना प्राथमिकता है . आवश्यक कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ अपराधियों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे .

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में एमडी ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार

इंदौर. शहर में मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एमडी ड्रग्स के तस्कर को गिरफ्तार किया है. डीआरपी लाइन के पास शिव मंदिर आम रोड से पकड़े गए आरोपी की पहचान 25 वर्षीय राहुल परमार निवासी चाणक्यपुरी, देवास के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 16.97 ग्राम एमडी ड्रग्स और एक एक्टिवा मोटरसाइकिल जब्त की है, जिसकी कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है. क्राइम ब्रांच को शहर में भ्रमण के दौरान आरोपी संदिग्ध अवस्था में एक्टिवा बाइक पर खड़ा दिखाई दिया. तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध नशे का सामान बरामद हुआ. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह शहर में सस्ते दाम पर एमडी ड्रग्स लाकर उन्हें महंगे दामों पर बेचने की फिराक में था. आरोपी के खिलाफ थाना अपराध शाखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके नेटवर्क और सप्लायरों के बारे में जानकारी जुटा रही है.

एक नजर में

### बार-बार जाम से लोग होते हैं परेशान, बड़ी घटना की भी आशंका

## अग्रसेन चौराहे से दिनभर निकलते हैं भारी वाहन



**इंदौर. शहर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर अभी तक कोई ठोस नीति नहीं बनाई गई है और न ही निर्णय लिया गया है. वहीं लोहा मंडी क्षेत्र के मुहाने पर अग्रसेन चौराहे की स्थिति और भी गंभीर होती जा रही है.**

शहर में कई ऐसे मार्ग है जो एक सीमा से दूसरी सीमा तक सीधे चलते हुए कई क्षेत्रों को जोड़ते हैं, जिसके चलते इन मार्गों पर लगातार यातायात लगातार दौड़ता है. इनमें टॉवर चौराहा से लेकर महात्मा गांधी चौराहा जैसा लम्बा मार्ग भी हैं. पूरे मार्ग पर सैकड़ों कालोनियां, बस्तियां और व्यावसायिक क्षेत्र जुड़े हुए हैं. इसी मार्ग के बीच अग्रसेन चौराहा जो कि लोहा मंडी का मुख्य द्वार ही समझा जाता है. लोहा मंडी में प्रवेश करने के लिए ट्रकों को इसी चौराहा से गुजरना पड़ता है और इसी चौराहा से स्कूल बसें, चार पहिया वाहन और सैकड़ों दो पहिया वाहन गुज़रते हैं. स्थानीय यातायात सुबह दस से रात्रि नौ बजे तक एक जैसा दौड़ता है. इन्हीं के बीच यातायात को चीरते हुए सैकड़ों ट्रक भी लोहा मंडी की तरफ प्रवेश करते हैं. हालांकि अभी तक कोई बड़ी घटना नहीं हुई लेकिन महीने में कई बार छुटपुट घटनाएं होती आ रही है जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है.

### इनका कहना है ...



पिछले कुछ वर्षों से शहर के यातायात में बढ़ोतरी हुई है. ऐसे में कई यातायात नियमों ने बदलाव की आवश्यकता है जिसमें ऐसे मार्ग को चिन्हित करें जहां ट्रकों का प्रवेश ज्यादा होता है.

**- कपिल भिलवारे**



टॉवर चौराहे से छावनी आने जाने के लिए सैकड़ों लोग गुजरते हैं. ट्रकों के कारण जाम से लंबी कतारें लग जाती है. ऐसे में आपातकाल सेवाएं प्रभावित होती है. छात्र-छात्राएं एवं महिलाएं असुरक्षित होती है.

**- यश कराले**



इस मार्ग पर दो पहिया वाहन की संख्या ज्यादा है. ऐसे में ट्रकों का बीच में घुसना बड़ी घटना का अंदेशा बढ़ाता है. अनहोनी को टालने के लिए ट्रकों का प्रवेश समय बदलना चाहिए.

**- प्रकाश वर्मा**

## पुलिस ने लिस्टेड गुंडा सोहेल खान उर्फ टिल्लू को धर दबोचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में लगातार बढ़ रहे झपटा मार और मोबाइल चोरी के मामलों में आजाद नगर पुलिस ने बुधवार को बड़ी सफलता हासिल की. थाना प्रभारी और टीम ने मुखबीर की सूचना पर नेमावर रोड से लिस्टेड गुंडा सोहेल खान उर्फ टिल्लू (28) को गिरफ्तार किया. आरोपी खजराना इलाके का निवासी है और थाना खजराना का पुराना अपराधी माना जाता है.

पुलिस टीम और फरियादी की मदद से पकड़े गए सोहेल ने प्रारंभिक पूछताछ में स्वीकार किया कि नशे की लत पूरी करने और शौक पूरा करने के लिए वह आम राहगीरों से अलग-अलग समय और स्थान पर मोबाइल झपटा मारकर चोरी करता था.


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

### जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग

**निविदा सूचना**

**विज्ञप्ति क्रमांक: 61** **दिनांक: 15.09.2025**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ग्रुप क्र. | 1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक | कार्य का नाम | 1. कार्य की समयावधि 2. लागत | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_ 451984 15.09.2025 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 11 भागीरथपुरा में मामाजी धर्मशाला के पीछे वाली बेकलेन में एवं समीप गलियों में ध्वस्त ड्रेनेज लाईन बदलना। | 4 माह ₹13,47,621/- | ₹2,000/- ₹10,200/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 02 | 2025_UAD_ 451986 15.09.2025 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 संगम नगर मेनरोड़ से 4-आर. गार्डन होते हुए लालच हुड तक, महिला गार्डन के पीछे से संगम नगर मेन रोड तक ड्रेनेज लाईन निर्माण कार्य। | 4 माह ₹15,45,436/- | ₹2000/- ₹11,600/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 03 | 2025_UAD_ 451987 15.09.2025 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 के अंतर्गत स्थित भक्त प्रहलाद नगर की विभिन्न गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 8 माह ₹82,73,581/- | ₹10,000/- ₹62,100/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 04 | 2025_UAD_ 451989 15.09.2025 | झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 09 में वृंदावन कॉलोनी लाल कुँए वाली गली में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाईन डालना। | 4 माह ₹19,32,036/- | ₹2,000/- ₹14,500/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 05 | 2025_UAD_ 451991 15.09.2025 | झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 74 के अंतर्गत राम मंदिर गणेश नगर के सामने राजेश कुशवाह के मकान से मुख्य मार्ग गणेश नगर तक धाकड़ धर्मशाला से मुख्य मार्ग तक व पंडित जी के मकान से मुख्य मार्ग तक नई ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 4 माह ₹15,94,970/- | ₹2,000/- ₹12,000/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 06 | 2025_UAD_ 451992 15.09.2025 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 02 के अंतर्गत मिश्रा वाला रोड की गलियों के सामने ब्रांचरोड पर ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 6 माह ₹34,95,184/- | ₹5,000/- ₹26,300/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 07 | 2025_UAD_ 451993 15.09.2025 | झोन क्र. 15 वार्ड क्र. 83 के अंतर्गत गुमास्ता नगर म.नं. 113 से म.नं. 133 तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाईन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 4 माह ₹17,86,653/- | ₹2,000/- ₹13,400/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 08 | 2025_UAD_ 451994 15.09.2025 | झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 स्थित नहारशाह कम्पाउंड की सभी गलियों व अशर्फी नगर की 2 गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 6 माह ₹37,43,793/- | ₹5,000/- ₹28,100/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 09 | 2025_UAD_ 451995 15.09.2025 | झोन क्र. 10 वार्ड क्र. 49 के अंतर्गत संविद नगर में सीवर पाईप लाईन डालना। | 8 माह ₹81,84,636/- | ₹10,000/- ₹61,400/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 10 | 2025_UAD_ 451996 15.09.2025 | झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 30 के अंतर्गत महेश बाग कॉलोनी में ड्रेनेज लाईन डालकर मेन लाईन से जोड़ना, घरेलू चेम्बर का निर्माण करना एवं ड्रेनेज संधारण कार्य करना। | 8 माह ₹58,69,821/- | ₹10,000/- ₹44,100/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 11 | 2025_UAD_ 451997 15.09.2025 | झोन क्र. 09 वार्ड क्र. 26 के अंतर्गत पाटनीपुरा म.नं. 338 से 388 तक भरू बाबा मंदिर के पीछे वाली गली एवं मांग्या भैया फोटो वाली म.नं. 305 से 308 तक ड्रेनेज लाईन डालना, क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर। | 4 माह ₹16,79,617/- | ₹2,000/- ₹12,600/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 12 | 2025_UAD_ 451998 15.09.2025 | झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 के अंतर्गत स्थित समाजवाद नगर की विभिन्न गलियों में ड्रेनेज लाईन डालने बाबद। | 8 माह ₹79,02,919/- | ₹10,000/- ₹59,300/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |
| 13 | 2025_UAD_ 451999 15.09.2025 | झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 11 भागीरथपुरा में फर्सी वाली गली के पास बैजू बाई के पीछे वाली बेकलेन में एवं समीप गलियों में ध्वस्त ड्रेनेज लाईन बदलना। | 4 माह ₹14,01,548/- | ₹2,000/- ₹10,600/- | 15-10-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 16-10-2025 |

**नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।**

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

**कार्यपालन यंत्री**
**जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग**
**नगर पालिक निगम, इन्दौर**